एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 15.07.2017

**स्वच्छ भारत अभियान** **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

**भिलाईनगर/** आयुक्त के0एल0 चौहान एवं संयुक्त संचालक बी0पी0 कांशी ने दुर्ग जिले के नगरीय निकायों के आयुक्त एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के समीक्षा बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा कर प्रगति की जानकारी के साथ आवश्यक निर्देश दिये।

नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में दुर्ग जिले के नगरीय निकायों में चल रहे केन्द्र एवं राज्य शासन की प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत मिशन स्वच्छ भारत मिशन, मिशन क्लीन सिटी, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, लोक सुराज 2017 लक्ष्य समाधान शिविर में प्रापत आवेदन मांग एवं शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के प्रत्येक निकाय में केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना मोर जमीन मोर मकान के तहत् बनने वाले मकानों एवं हितग्राहियों के सर्वे रिपोर्ट तथा निकायवार डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट शासन को प्रेषित किये गये की जानकारी प्राप्त किये। जिन निकायों द्वारा कार्य में विलम्ब किया जा रहा है तथा अभी तक सर्वेक्षण सूची को भी अंतिम रुप नहीं दिया गया है ऐसे निकायों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आयुक्त के0एल0 चौहान ने उन्हे निर्धारित समयावधि में जानकारी तैयार कर समक्ष रखने को कहा। शासकीय योजना के आवास बनाने के लिए जिस राष्ट्रीय स्तर के एजेंसी को निर्माण कार्य की जिम्मेदारी दी गई है उनके द्वारा किये जा रहे विलंब के लिए श्री चौहान ने शासन को अवगत कराते हुए लोकल एजेंसी से योजना के प्रारंभिक कार्य करवाये जाने हेतु शासन को पत्र लिखकर अनुमति प्राप्त करने के निर्देश जिले के निकाय के प्रतिनिधियों को दिये।

आयुक्त ने भिलाई, दुर्ग, धमधा, कुम्हारी, भिलाई चरोदा, जामुल, अहिवारा, उतई, निकाय क्षेत्र में चल रहे राष्ट्रीय आजीविका मिषन के तहत् स्व–सहायता समुह गठन एवं विक्रय केन्द्र की निकायवार प्रगति रिपार्ट लेकर कहा कि इस योजना के तहत् जिन बैंको में लोन के प्रकरण समुह अथवा व्यक्तिगत लोन रुके हुए हैं उन बैंको में सम्पर्क कर उसे जुलाई माह के अंत तक स्वीकृत करने के लिए कहा। श्री चौहान ने एन.यु.एल.एम. के मेनेजरों से कहा कि बैंक प्रबंधक से सम्पर्क कर लोन प्रकरण हिलहवाला करने वाले बैंको की जानकारी संबंधित निकाय के आयुक्त अथवा मुख्य कार्यपालन अधिकारी को देवें । उन्होने निकाय के प्रतिनिधियों से कहा कि आपके निकाय के अधीन आने वाले बैंक यदि ऋण स्वीकृत करने में आनाकानी करते हैं तो वे अपने निकाय का खाता उस बैंक से हटाकर जो बैंक सर्वाधिक ऋण स्वीकृत कर रहें हैं वहॉ खोलेने की सलाह दिये। समीक्षा बैठक में लोक सुराज अभियान में प्राप्त मांग एवं षिकायत के आवेदनों का निराकरण की जानकारी लेकर शीघ्र निदान करने को कहा। मिशन क्लीन सिटी, अमृत मिशन योजना एवं स्वच्छ भारत मिषन के प्रगति की जानकारी भी आयुक्त श्री चौहान ने उपस्थित निकाय के प्रतिनिधियों से प्राप्त किया।

बैठक में आयुक्त के0एल0 चौहान, परियोजना अधिकरी डुडा, यु0एस0 अग्रवाल, बी.पी. कांशी संयुक्त संचालक क्षेत्रीय कार्यालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग दुर्ग, निगम दुर्ग आयुक्त एस.के. सुन्दरानी, चरोदा निगम आयुक्त लोकेष साहू, अधीक्षण अभियंता सत्येन्द्र सिंह, सहायक आयुक्त अशोक

द्विवेदी, सहित धमधा, कुम्हारी, जामुल, अहिवारा, उतई के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सभी निकायों के राष्ट्रीय आजीविका मिशन के मेनेजर एवं सामुदायिक संगठिका उपस्थित थे।

**जनसम्पर्क अधिकारी**



